मैया रानी आयेगी दर्शन दे जायेगी

मैया रानी आयेगी दर्शन दे जायेगी
ये खुल्ला दरवाजा रखना रे खुल्ला॥

मैया के नवरात्रे आये, सब बैठे हैं ज्योत जलाऐ,
मैया जाने कब आ जाऐ, श्रृद्धा भक्ति से सांझा रखना,
ये खुल्ला दरवाजा रखना रे खुल्ला॥

जो श्रृद्धा से मां को बुलाये, उस घर मै मां दौड़ी आये,
फूलों से घर महका के, इक लोटा जल का ताजा रखना,
ये खुल्ला दरवाजा रखना रे खुल्ला॥

जिसपे मैया हो गयी प्रसन्न, उसको देगी पहला दर्शन,
मैया की भेंटे गा के, बजा के गांजा बाजा रखना,
ये खुल्ला दरवाजा रखना रे खुल्ला॥

जो मैया के व्रत निभाये, सिंग पर ये वो ही मिल जाए,
ना कभी कोई रह पाए बस इतना अंदाजा रखना,
ये खुल्ला दरवाजा रखना रे खुल्ला॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24612/title/mayia-rani-aayegi-darshan-de-jayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |